भारत सरकार
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 312
जिसका उत्तर 24 जुलाई, 2024 को दिया जाना है।
2 श्रावण, 1946 (शक)

साइबर सुरक्षा

312. श्री रविंद्र दत्ताराम वाइकर :
श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर:

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश के विभिन्न राज्यों में राज्य-वार सूचना प्रौद्योगिकी के निरंतर बदलते स्वरूप को ध्यान में रखते हुए डिजिटल बैंकिंग संव्यवहार में वृद्धि होने से साइबर सुरक्षा पर कोई प्रभाव पड़ा है;
(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान फिशिंग, नेटवर्क स्कैनिंग और वायरस की जांच तथा वेबसाइट हैकिंग सहित साइबर संकट के संबंध में कितने मामले दर्ज किए गए हैं;
(ग) क्या ई-कॉमर्स के अलावा गैर-बैंककारी वित्त कंपनियों (एनबीएफसी) की बढ़ती लोकप्रियता ने डिजिटल भुगतान के क्षेत्र को बढ़ा दिया है; और
(घ) यदि हां, तो डिजिटल ऐप के उपयोग के कारण किए गए लेन-देन में कितने प्रतिशत वृद्धि हुई है और पिछले वर्ष और चालू वर्ष में उपभोक्ताओं द्वारा राज्य-वार और विशेषकर दमन और दीव, महाराष्ट्र, तथा दादरा और नागर हवेली सहित भुगतान प्रणाली का ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री जितिन प्रसाद)

(क) से (घ) : भारतीय कम्प्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सर्ट-इन) को दी गई और उसके द्वारा ट्रैक की गई सूचना के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान फिशिंग, नेटवर्क स्कैनिंग और वायरस की जांच, तथा वेबसाइट हैकिंग जैसे साइबर अपराधों के संबंध में पंजीकृत मामलों की कुल संख्या निम्नानुसार है:

वर्ष	**फ़िशिंग घटनाएँ**	**नेटवर्क स्कैनिंग और जांच**	**वायरस/मॉलवेयर घटनाएँ**	**वेबसाइट हैकिंग की घटनाएं**	**साइबर सुरक्षा घटनाएँ**
2021	215	86585	9203	18	122764
2022	1145	10220	2559	57	27482
2023	401	12330	1185	39	23158

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुसार, पिछले दो वित्तीय वर्षों में डिजिटल और कुल भुगतान का विवरण निम्नानुसार है:

वित्तीय वर्ष	**डिजिटल भुगतान संबंधी लेन-देन के आंकड़े**		**डिजिटल भुगतान संबंधी लेन-देन की विकास दर (वर्ष-दर-वर्ष) %)**	
	मात्रा (करोड़)	**मूल्य (लाख करोड़ रुपए में)**	**मात्रा**	**मूल्य**
2022-23	11393.82	2086.85	58.30%	19.66%
2023-24	16443.02	2428.24	44.32%	16.36%

वित्तीय वर्ष	**कुल भुगतान संबंधी लेन-देन के आंकड़े**		**कुल भुगतान संबंधी लेन-देन की विकास दर (वर्ष-दर-वर्ष%)**	
	मात्रा (करोड़)	**मूल्य (लाख करोड़ रुपए में)**	**मात्रा**	**मूल्य**
2022-23	11464.91	2158.58	57.75%	19.22%
2023-24	16509.34	2500.36	44.00%	15.83%

*****